अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

13 MAY 2024

USEFUL FOR

IAS | PCS

& other civil services exams



Sunil Lawania

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **वाइस एडमिरल संजय भल्ला को भारतीय नौसेना के कार्मिक प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया**



- वाइस एडमिरल संजय भल्ला, AVSM, NM को 1989 में भारतीय नौसेना में नियुक्त किया गया था।
- वह पहले पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग और पश्चिमी नौसेना कमान के चीफ ऑफ स्टाफ रह चुके थे।
- वह राष्ट्रपति के फ्लीट रिव्यु (बेड़े की समीक्षा) (PFR - 22) और भारतीय नौसेना के बहुराष्ट्रीय पूर्व मिलन - 22 के समुद्री चरण के लिए सामरिक कमान में अधिकारी थे।
- उन्हें अति विशिष्ट सेवा पदक और नाव सेना पदक प्राप्त हुआ था।

2. **इदरीस डेबी ने चाड का राष्ट्रपति चुनाव जीता**



- मध्य अफ्रीकी देश चाड के सैन्य तानाशाह और अंतरिम राष्ट्रपति महामत इदरीस डेबी इट्नो ने राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है।
- महामत इदरीस डेबी ने 2021 में साथी सेना जनरलों के समर्थन से सत्ता हासिल की और अपने पिता, राष्ट्रपति इदरीस डेबी की मृत्यु के बाद देश के अंतरिम राष्ट्रपति बने।
- राष्ट्रपति इदरीस डेबी की छठी बार राष्ट्रपति चुने जाने के तुरंत बाद 2021 में उत्तरी चाड में विद्रोहियों द्वारा हत्या कर दी गई थी।
- राष्ट्रपति इदरीस डेबी एक तानाशाह थे जिन्होंने 1990 से 2021 तक 30 वर्षों तक देश पर दृढ़ता से शासन किया।
- चुनाव महामत इदरीस डेबी इटनो के शासन को अगले छह वर्षों के लिए वैध कर देगा।
- **चाड गणराज्य के बारे में**
- चाड उत्तर-मध्य अफ्रीका में स्थित एक ज़मीन से घिरा देश है।
- क्षेत्रफल की दृष्टि से यह अफ्रीका का पाँचवाँ सबसे बड़ा देश है।
- राजधानी: एन'जामेना
- मुद्रा: सीएफए फ्रैंक
- राष्ट्रपति: महामत इदरीस डेबी इटनो

3. **भारत-फ्रांस ने अभ्यास 'शक्ति' का 7वां संस्करण आयोजित किया**



- 7वां संयुक्त सैन्य अभ्यास 'शक्ति' भारतीय सेना और फ्रांसीसी सेना के बीच उमरोई, मेघालय में आयोजित किया गया था।
- इसका उद्देश्य उप पारंपरिक परिदृश्यों में मल्टी-डोमेन संचालन के लिए संयुक्त क्षमता को बढ़ाना है।
- यह दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच अंतरसंचालनीयता, सौहार्द्र और सौहार्द को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।
- एक्स शक्ति 2021 का छठा संस्करण फ्रांस के मिलिट्री स्कूल ऑफ ड्रैगुइग्नान में हुआ।

4. **भारत 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में 'भारत पर्व' की मेजबानी करेगा**



- यह पहली बार होगा कि देश कान्स फिल्म फेस्टिवल में 'भारत पर्व' की मेजबानी करेगा।
- भारत पर्व पर 20 से 28 नवंबर तक गोवा में आयोजित होने वाले 55वें भारत अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के आधिकारिक पोस्टर और ट्रेलर का भी अनावरण किया जाएगा।
- भारत पर्व में प्रथम विश्व ऑडियो-विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन के लिए 'सेव द डेट' भी जारी किया जाएगा।

5. **12 मई - अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस**




- 12 मई को हर साल दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है।
- अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2024 की थीम "हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। देखभाल की आर्थिक शक्ति।" यानी (Our Nurses. Our Future. The economic power of care) घोषित की गई है।
- 12 मई 1820 को मशहूर नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म हुआ था.
- ऐसे में उनकी याद में हर साल इस दिन को मनाया जाता है.
- फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक नर्स थीं, क्रीमियन युद्ध के दौरान उनका काम काफी सराहनीय था.
- इसके साथ ही आपको बता दें कि भारत की पहली महिला नर्स 'बाई काशीबाई गणपत' थी.

6. **विश्व प्रवासी पक्षी दिवस 2024 :11 मई**




- विश्व प्रवासी पक्षी दिवस हर साल मई के दूसरे शनिवार को मनाया जाता है। इस वर्ष 11 मई को मनाया गया।
- उद्देश्य- प्रवासी पक्षियों और उनके आवासों के संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
- थीम 2024 - कीड़े
- विश्व प्रवासी पक्षी दिवस की स्थापना पहली बार 1993 में स्मिथसोनियन प्रवासी पक्षी केंद्र के दूरदर्शी लोगों द्वारा की गई थी।
- 2024 में, विभिन्न गोलार्धों में पक्षी प्रवास की चक्रीय प्रकृति के अनुरूप, विश्व प्रवासी पक्षी दिवस दो दिन, 11 मई और 12 अक्टूबर को मनाया जाएगा।
- 2024 में विश्व प्रवासी पक्षी दिवस अभियान प्रवासी पक्षियों के लिए कीड़ों के महत्व पर ध्यान केंद्रित करेगा, और कीड़ों की घटती आबादी से संबंधित चिंताओं को उजागर करेगा।

7. **पवन सिंधी को ग्लोबल प्राइड ऑफ सिंधी अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया**



- सामाजिक कार्यकर्ता पवन सिंधी को उत्कृष्ट सामाजिक कार्य के लिए प्रतिष्ठित ग्लोबल प्राइड ऑफ सिंधी अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया।
- पुरस्कार रात्रि में समान विचारधारा वाले व्यक्तियों का जमावड़ा हुआ जो मानवता, शांति और समृद्धि के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए एक साथ आए।

8. **नेपाल के 'मातातीर्थ औंसी उत्सव में हुआ माताओं का सम्मान**



- मातातीर्थ औंसी के अवसर पर, दुनिया भर से नेपाली लोग अपनी माताओं के चेहरे देखने के लिए आते हैं, यह मानते हुए कि वे उनके माध्यम से परमात्मा को देखते हैं। इस दिन सुबह स्नान करके, माँ को सुंदर वस्त्र और स्वादिष्ट भोजन अर्पित करके आशीर्वाद लेने की परंपरा रही है।
- मातातीर्थ औंसी उत्सव या मातृ दिवस नेपाली कैलेंडर के अनुसार बैसाख महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। नेपाल के हर घर में अलग-अलग धार्मिक मान्यताओं के बावजूद लोग अपनी मां को उपहार और आरती देते हैं।
- जिन लोगों ने अपनी मां को खो दिया है, वे पवित्र तालाब के पानी में उनके चेहरे की कल्पना करने और परमात्मा से जुड़ने की उम्मीद में काठमांडू घाटी के चंद्रगिरि नगर पालिका में मातातीर्थ मंदिर जाते हैं।

- ऐसा माना जाता है कि तालाब में पवित्र स्नान करने से मातृ ऋण से मुक्ति मिलती है।

**9. मिखाइल मिशुस्टिन को रूस के प्रधानमंत्री पद पर किया गया पुनर्नियुक्त**



- रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मिखाइल मिशुस्टिन को देश का प्रधानमंत्री दोबारा नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा।
- रूसी संसद के अध्यक्ष, व्याचेस्लाव वोलोडिन ने घोषणा की कि राज्य ड्यूमा के लिए मिशुस्टिन की उम्मीदवारी पर एक सत्र में चर्चा की जाएगी।
- रूस की कर सेवा के पूर्व प्रमुख श्री मिशुस्टिन ने पिछले चार वर्षों से यह पद संभाला है।
- उन्होंने अपने मंत्रिमंडल का इस्तीफा सौंप दिया, जब श्री पुतिन ने अपना पांचवां राष्ट्रपति कार्यकाल शुरू किया। क्रेमलिन-नियंत्रित संसद में मिशुस्टिन का समर्थन महज एक औपचारिकता है।

**10. फिलीस्तीन UN में सदस्य बनने के लिए क्वालीफाई हुआ**



- यूनाइटेड नेशंस (UN) में फिलीस्तीन ने सदस्य बनने के लिए क्वालिफाई कर लिया।
- ये प्रस्ताव अरब देशों की मांग पर लाया गया था। भारत ने फिलीस्तीन के पक्ष में वोट दिया।
- संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्यीय देशों में से 143 ने फिलीस्तीन के पक्ष में, जबकि 9 ने इसके विरोध में वोटिंग की।
- इस वोटिंग से फिलीस्तीन UN का सदस्य नहीं बना है, बल्कि सदस्य बनने के लिए क्वालिफाई कर पाया।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **हाल ही में किसे भारतीय नौसेना के कार्मिक प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया ?**
   (a) वाइस एडमिरल संजय भल्ला
   (b) वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी
   (c) वाइस एडमिरल किरण देशमुख
   (d) इनमे से कोई नहीं
2. **महामत इदरीस डेबी इट्नो को किस देश के राष्ट्रपति के रूप में चुना गया है?**
   (a) नीदरलैंड
   (b) मॉरीशस
   (c) ब्राजील
   (d) चाड
3. **भारतीय और फ्रांसीसी सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति का कौन सा संस्करण 13 -26 मई 2024 तक उमरोई, मेघालय में भारतीय सेना के संयुक्त प्रशिक्षण नोड में आयोजित किया जाएगा?**
   (a) 5th
   (b) 6th
   (c) 7th
   (d) 8th
4. **निम्नलिखित में से कौनसा देश 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में 'भारत पर्व' की मेजबानी करेगा?**
   (a) पेरिस
   (b) अमेरिका
   (c) भारत
   (d) ब्राजील
5. **अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस हर वर्ष किस दिन मनाया जाता है?**
   (a) 11 May
   (b) 09 May
   (c) 10 May
   (d) 12 May
6. **विश्व प्रवासी पक्षी दिवस हर साल मई के दूसरे शनिवार को मनाया जाता है। इस वर्ष 11 मई को मनाया गया। विश्व प्रवासी पक्षी दिवस 2024 का विषय क्या है?**
   (a) Birds
   (b) Insects
   (c) Fishes
   (d) Dolphin
7. **उत्कृष्ट सामाजिक कार्य के लिए प्रतिष्ठित ग्लोबल प्राइड ऑफ सिंधी अवार्ड 2024 से किसे सम्मानित किया गया है?**
   (a) दीपक शेनॉय
   (b) नीली बेंदापुडी
   (c) पवन सिंधी
   (d) शांति लकड़ा
8. **हाल ही में माताओं को सम्मान देने वाला 'मातातीर्थ औंसी उत्सव' कहाँ आयोजित हुआ है?**
   (a) भारत
   (b) भूटान
   (c) नेपाल
   (d) चीन
9. **हाल ही में रूस के प्रधान मंत्री पद पर किसे नियुक्त किया गया है?**
   (a) मिखाइल मिशुस्टिन
   (b) व्लादिमीर पुतिन
   (c) जॉन स्विनी
   (d) जोस राउल मुलिनो
10. **हाल ही में कौनसा देश UN में सदस्य बनने के लिए क़ालीफाई हुआ है ?**
   (a) न्यूजीलैंड
   (b) ऑस्ट्रेलिया
   (c) फिलिस्तीन
   (d) इनमें से कोई नहीं

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (d) | (c) | (c) | (d) | (b) | (c) | (c) | (a) | (c) |